दिनांक 28 अक्टूबर 2022   स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

मतदाता सूची से मतदाताओं का आधार लिंक, मतदाताओं से इस कार्य हेतु बीएलओ को सहयोग की अपील

भिलाई नगर/ मतदाता सूची से मतदाताओं का आधार लिंक करने का कार्य बीएलओ के द्वारा किया जा रहा है इस कार्य में बीएलओ घर-घर जाकर मतदाता सूची से मतदाताओं के आधार को लिंक करने का कार्य कर रहे हैं। नगर निगम भिलाई मतदाताओं से अपील करता है कि मतदाता सूची से आधार लिंक करने के कार्य में बीएलओ को आवश्यक सहयोग प्रदान कर आधार लिंक अवश्य कराएं। मतदाता अपने आधार क्रमांक को मतदाता सूची से लिंक कराने के लिए मोबाइल में वोटर हेल्पलाइन नंबर एप अथवा बीएलओ के माध्यम से आधार लिंक करा सकते हैं। इसके अतिरिक्त सतत अघ्तीकरण के तहत मतदाता सूची में नाम जोड़ने/काटने या संशोधन के लिए कार्यालयीन दिवस के किसी भी दिन तहसील कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं या फिर प्ले स्टोर से वोटर हेल्पलाइन एप डाउनलोड कर अथवा ceochhattisgarh.nic.in या nvsp.in में ऑनलाइन आवेदन भी कर सकते हैं किसी भी प्रकार की जानकारी/सहायता के लिए टोल फ्री नंबर 1950 पर संपर्क किया जा सकता है।